रजिस्ट्री स. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 147] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 30, 1983/भाद्र 8, 1905
No. 147] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 30, 1983/BHADRA 8, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं० 36—आई० टी०सी० (पी०एन०/83)

नई दिल्ली, 30 अगस्त, 1983

विषय :—भारत-फ्रांस सामान्य न्यायाचार 1981-82 (फ्रेंच क्रेडिट 1981-82) के लिए लाइसेंस शर्तें ।

(मिसिल सं० आई० पी० सी० 23(8)/83/सि जारी) भारत फ्रांस सामान्य न्यायाचार 1981-82 से संबंधित लाइसेंस शर्तें जो शर्तें इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई हैं, सूचना के लिए अधिसूचित की जाती है ।

पी० सी० जैन, मुख्य नियंत्रक,
आयात एवं निर्यात

वाणिज्य में मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं० 36-आई० टी० सी० (पी० एन०)/83 दिनांक 30 अगस्त, 1983 के लिए परिशिष्ट

1. आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर संविदा करने के लिए चार महीने और पोतलदान पूर्ण करने के लिए 12 महीने की प्रारम्भिक वैधता अवधि के लिए जारी किया जाएगा । लेकिन पूंजीगत माल के आयातों के मामले में पोतलदान पूर्ण करने के लिए लाइसेंस की प्रारम्भिक वैधता जारी होने की तिथि से 24 महीनों के लिए होगी ।

2. आयात लाइसेंस का रुपये में मूल्य, राजस्व (सीमा शुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित और आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि को प्रचलित और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं० 78-आई०टी०सी (पी० एन०)/74, दिनांक 6 जून, 74 के पैरा 2 के अनुसार आयात लाइसेंस (सीं) के मुख्य भाग में निर्दिष्ट मुद्रा विनिमय की दर के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा, यह सार्वजनिक सूचना यह भी व्यवस्था करती है कि सीमा शुल्क प्राधिकारी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी आयात लाइसेंस (सी) में निर्दिष्ट मुद्रा विनिमय की दर पर लाइसेंसस (सीं) के मूल्य के नाम ऋणांकन करेंगे ।

3. प्रत्येक लाइसेंस पर एक शीर्ष "फ्रान्सिसी ऋण परियोजना भाग" या " फ्रांस ऋण गैर परियोजना भाग", जैसा भी मामलो हो, होगा । लाइसेंस कोड वर्गीकरण संख्या में दो प्रत्येय "एस एफ ई" परियोजना के लिए और "एस एफ एन" गैर-परियोजना के लिए होंगे ।

4. आयात लाइसेंस की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर आयातक को आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक तथा मूल्य और जिस तिथि तक संविदा दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे उसकी सामान्य तिथि निर्दिष्ट करते हुए आयात लाइसेंस की प्राप्ति के तथ्य से आर्थिक कार्य विभाग (ई० ई० सी०-1 अनुभाग) को अवगत करना चाहिए ।

5. जब तक नीचे के पैरा-25 की शर्त के अनुसार पूर्ण संविदा दस्तावेज चार महीने की निर्धारित अवधि के भीतर प्रस्तुत नहीं कर दिए जाते तब तक यह नही समझा जाएगा कि संविदा करने से संबंधित शर्तों का अनुपालन कर लिया गया है ।

6. जिस मामले में इस अनुबंध का चार महीनों के भीतर अनुपालन नही किया जाएगा, उसमें आयात लाइसेंस अवैध समझा जाएगा । लेकिन, पार्टी द्वारा आयात लाइसेंस की शर्तों का समय के भीतर अनुपालन न करने के कारण बताते हुए मूल लाइसेंस के साथ आवेदन-पत्र लाइसेंस प्राधिकारी को देने पर आयात लाइसेंस पुनः वैध किया जा सकता है ।

7. पुनर्वैधीकरण के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा जो अधिक से अधिक चार महीनों की और आगे अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते हैं । लेकिन, यदि वृद्धि आयात लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीने से अधिक मांगी गई है तो ऐसे प्रस्ताव लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा निरपवाद रूप से आर्थिक कार्य विभाग (ई० ई० सी०-1 अनुभाग), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे ।

2. संविदा करना

8. फ्रांसिसी ऋण के अधीन जारी किए गए लाइसेंस के प्रति केवल एक ही संविदा निश्चित कीमत के आधार पर फ्रांसिसी संभरक के साथ करनी है ।

9. लेकिन, एक आयात लाइसेंस के अधीन से एक अधिक संविदाएं तभी की जा सकती है जबकि आदेश देने से पहले ऐसा करने के कारण बताते हुए आर्थिक कार्य विभाग से विशेष रूप से अनुमति प्राप्ति कर ली गई हो ।

10. नीचे खंड 5 में निर्धारित किया विधि के अनुसार जब एक बार संविदा अधिसूचित कर दी गई हो तो उसके बाद उसमें मुख्य संविदा के मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक संकलनों के तरीके से भी संशोधन स्वीकार नही किया जाएगा ।

यदि किसी मामले में भारतीय आयातक को यह अनुभव हो जाता है कि मुख्य संविदा में इसके मूल्य से 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के लिए संशोधन करने आवश्यक होंगे तो उसे तुरन्त ही मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात और वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, ई० ई० सी०-1 अनुभाग-1 को मामलों के पूर्ण तथ्यों की सूचना देनी चाहिए और उनके मार्ग दर्शन मांगना चाहिए ।

11. संविदा में सामान्यतः दोनों पार्टियों अर्थात् भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक द्वारा हस्ताक्षरित एक समझौता शामिल होगा अथवा इसमें भारतीय आयातक द्वारा दिया गया आदेश और फ्रांसीसी संभरक द्वारा स्पष्ट शब्दों में उस आदेश की स्वीकृति का पत्र शामिल होगा ।

12. जिस संविदा में दोनों पार्टियो के बीच विभिन्न शर्तों को बार-बार संशोधित/परिशोधित करने के पत्राचारों की श्रंखला शामिल होंगी वह स्वीकार नही की जाएगी । ऐसे मामलों मे दोनो पार्टियो द्वारा स्वीकार की गई और हस्ताक्षरित शर्तों सहित एक अन्तिम दस्तावेज तैयार करने की सलाह दी जाती है । समुद्रपार संभरको के भारतीय अभिकर्ताओं के लिए आदेश और/या ऐसे भारतीय अभिकर्ताओं द्वारा आदेश के लिए पुष्टिकरण स्वीकार नही किए जाते हैं ।

3—संविदा की शर्तें

13. संविदा लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर करनी चाहिए । यदि बीमा किसी भारतीय बीमा कंपनी को भारतीय रुपये में चुकाया जाता है तो संविदा लागत तथा भाड़े के आधार पर की जा सकती है, जो कि सरकारी अभिकरण या सरकारी क्षेत्र के संस्थानों द्वारा हस्ताक्षरित संविदाओं के लिए प्रत्येक मामले में अनिवार्य है । लागत-बीमा-भाड़ा संविदाओं के मामले में संविदा में जहाज पर्यन्त निशुल्क कीमत, भाड़ा, बीमा खर्चे और लागत तथा भाड़ा संविदाओं के मामले मे जहाज पर्यन्त नि.शुल्क कीमत और भाड़ा खर्च स्पष्ट रूप से अलग-अलग निर्दिष्ट होने चाहिए

यदि कोई आयातक जहाज पर्यन्त नि.शुल्क आधार पर संविदा करना चाहता है तो ऐसा करने के कारण देते हुए आर्थिक कार्य विभाग (ई० ई० सी०-1 अनुभाग), वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली से पूर्व अनुमति मांगनी चाहिए ।

14. यदि फ्रेंच संभरक के भारतीय अभिकर्त्ताओं को कोई कमीशन चुकाया है/जाना है तो संविदा के मूल्य से अलग फ्रांसीसी फ्रैंकों में दिखाया जाएगा । भारतीय अभिकर्ता का कमीशन रुपये में चुकाया जाएगा परन्तु आयात लाइसेंस के मूल्य के प्रति जोड़ा जाएगा ।

15. संविदा का रुपये में मूल्य आयात लाइसेंस के लिए लागू मुद्रा विनिमय की दर के अनुसार निश्चित किया जाएगा । देखिए उपर्युक्त पैरा 2 ।

संविदा की मूल्य सीमाएं

16. प्रत्येक संविदा का मूल्य निम्नलिखित प्रत्येक श्रेणी के सामने निर्दिष्ट धनराशि से कम होना चाहिए ।

	फ्रा० फ्रैंक
(1) बृहत (भारी) औद्योगिक परियोजनाएं और भारी उपस्कर (परियोजना लाइन) के लिए परियोजनाएं	5,000,000
(2) उर्वरक (गैर-परियोजना)	7,00,000
(3) अन्य सामान (गैर-परियोजना लाइन)	80,000

माल का उद्गम स्थान

17. माल फ्रांस मूल का होना चाहिए । माल के उद्गम स्थान के विषय में संविदा में एक अनुबंध समाविष्ट होना चाहिए । जहां कहीं ऐसे माल के एक भाग की स्वीकृति दी जाती है जो गैर फ्रान्स उद्गम का हो तो तीसरे देश के आयातों के लिए फ्रांसीसी प्राधिकारियों के अनुमोदन का साक्ष्य प्रदर्शित करने वाला एक पत्र संविदा के साथ होना चाहिए ।

पोतलदान का पत्तन

18. यदि आवश्यक हो तो माल गैर फ्रांसीसी पत्तनों से भी लादा जा सकता है ।

भुगतान की शर्तें:

19. फ्रांसीसी क्रेडिट में आस्थगित भुगतान की व्यवस्था नहीं है । इसलिए फ्रांसीसी संभरक को पूरा भुगतान पीतलदानों पर निर्माण पूरा हो जाने पर संयंत्र के नियोजित हो जाने पर नीचे की कंडिकाओं में निर्दिष्टानुसार किया जाएगा ।

20. **अग्रिम भुगतान :** संविदा लागू होने के समय चुकाई जाने वाली संभरणों की जहाज पर्यन्त नि : शुल्क कीमत कम से कम 5 प्रतिशत अग्रिम भुगतान की अवश्य व्यवस्था होनी चाहिए । अन्य शर्तें जो किसी विशेष प्रकार के सम्बन्ध माल के लिए सामान्य अन्तराष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रणाली के अनुसार क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच तय की जाती है की भी व्यवस्था की जा सकती है ।

21. लेकिन, जिस मामले में 5 प्रतिशत से अधिक अग्रिम भुगतान के लिए व्यवस्था करना हो उसमें कोई वचनबद्धता करने से पहले पूर्ण औचित्य के साथ आर्थिक कार्य विभाग का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए ।

22. **अन्य भुगतान : (क) औद्योगिक परियोजना :** तत्क्षण भुगतान की धनराशि के अतिरिक्त शेष धनराशि संविदा के अधीन उपस्कर के अन्तिम पोतलदान के समय या निर्माण के पूर्ण होने के समय या संयंत्र के नियोजित हो जाने के समय चुकाने की अनुमति है ।

जिस मामले मे संविदा के अंतर्गत आने वाले संभरण/सेवाएं ऐसी हो कि उनमें ऐसी एक निष्पादन गारंटी की आवश्यकता हो जिसमें इस संबंध में एक अनुबंध की आवश्यकता हो कि 10 प्रतिशत की अन्तिम किश्त माल के वितरण के पूर्ण होने या परियोजना पूर्ण होने के पर्याप्त समय के बाद तक देय नहीं होगी तो ऐसे मामले में आयातकों को चाहिए कि वे 100 प्रतिशत भुगतान अन्तिम पोतलदान के समय करने की शर्त से सहमत हो जाए और यह इस शर्त के अधीन है कि फ्रांसीसी संभरक द्वारा भारतीय आयातक को किसी अनुमोदित बैंक से एक निष्पादन गारन्टी प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसी गारन्टी अन्तिम पोतलदान के माल के वितरण के पर्याप्त समय जो भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक के बीच आपस में तय किया जाए के बाद मुक्त की जानी चाहिए ।

लेकिन, भुगतान परियोजना की किस्म पर निर्भर करता है, औद्योगिक परियोजनाओं के लिए संविदाओं के लिए भुगतान की व्यवस्था भी नीचे उप कंडिका (ख) में वर्णित पण्य वस्तुओं की तरह की जा सकती है ।

(ख) पण्य वस्तुएं— पण्य वस्तुएं (हल्के उपस्कर, फालतू पुर्जे, संघटक रसायन, उर्वरक, अन्य कच्ची सामग्री आदि) के लिए संविदाओं में तत्क्षण भुगतान बाद शेष धन राशि प्रत्येक लदान द्वारा शामिल माल के मूल्य के अनुसार पोत-परिवहन अनुसूची के आधार पर यथा अनुपात देय होगी ।

अन्य शर्तें:-

फ्रांसीसी क्रेडिट के अंतर्गत संविदा को वित्त दान के लिए अहर्क बनाने के लिए ऊपर निर्दिष्ट उपबंधों के अतिरिक्त और संविदा करने वाली पार्टियो द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले किसी अन्य उपबंधों के भी अतिरिक्त इसमें निम्नलिखित उपबंध भी उचित रूप से समाविष्ट होने चाहिए:-

(1) संविदा करने वाली दोनों पार्टियां सहमत है कि संविदा भारत के फ्रांस वित्तीय शर्तों के अनुसार और उसके अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी की गई लाईसेंस शर्तों के अनुसार विशेष फ्रांसीसी क्रेडिट के अंतर्गत वित्त दान के लिए भारतीय और फ्रांसीसी प्राधिकारियों के अनुमोदन के अधीन है ।

(2) फ्रांसीसी संभरक इस बात से सहमत है कि उसे इन लाईसेंस शर्तों के अनुबंध 5 में सूची बद्ध किसी भी आवासीय बैंकों को दस्तावेज प्रस्तुत करने पर फ्रांसीसी फ्रेंक में भुगतान किया जाएगा भुगतान भारतीय और फ्रांसीसी प्राधिकारियों द्वारा संविदा के अनुमोदन के बाद सहायता लेखा एवं लेखापरीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए "अपरिवर्तनीय अनुदेश पत्र" के आधार पर आवासीय बैंक द्वारा किया जाएगा ।

(3) भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेज प्रस्तुत करने को सहमत हैं जो भारत सरकार और फ्रांसीसी सरकार के बीच फ्रांसीसी क्रेडिट व्यवस्थाओं के अंतर्गत मांगे जाएं

(4) औद्योगिक परियोजनाएं भारतीय आयातक, फ्रांसीसी और यदि कोई हो तो संभरक का यह प्रतिनिधि इस बात से सहमत है कि ऐसी सारी धनराशि जो आयातक को संभरक की ओर से किसी भी कारण से देय हो तो वह आवासीय बैंक की दी जाएगी, संभरक उस सारी धनराशि का आवासीय बैंक को सीधे ही भुगतान करेगा जो संभरक से और यदि कोई हो तो उनके सहयोगी प्रतिनिधियों से आयातक को देय हो और प्रतिनिधि-मंडल के ऐसे आबंटन पत्रों में निर्धारित धनराशि की अदला बदली वित्त मंत्रालय/फ्रांसीसी प्राधिकारियों के अनुरोध पर की जाएगी ।

प्रचलित गारन्टी

24. आयातक समझौते में ऐसी प्रथागत गारन्टी (यों) की व्यवस्था कर सकता है और दे सकता है जो उसके हित की सुरक्षा के लिए आवश्यक हो।

4. संविदा दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण

25. संविदा समाप्त होने के 20 दिन के भीतर आयातक को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ एक पत्र वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग, (ई ई सी-1 अनुभाग) नार्थ ब्लाक नई दिल्ली को भेजना चाहिए :

(1) भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक दोनों द्वारा हस्ताक्षरित और अंग्रेजी भाषा में विधिवत कार्यान्वित संविदा और बाद में किए गए किसी संशोधन (नों) की 10 प्रमाणित प्रतियां।

(2) आयातक द्वारा फ्रांसीसी संभारक को दिए गए आदेश की फ्रांसीसी संभरक द्वारा संविदा स्वीकृति की निष्पादन तिथि की संविदा करने के लिए वैध आयात लाईसेंस की दो फोटो प्रतियां।

(3) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत विदेशी मुद्रा के व्यापारी अनुसूचित बैंक से बैंक गारन्टी (अनुबंध 1 के अनुसार) यह बैंक गारन्टी सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थानों द्वारा प्रस्तुत नहीं की जानी है।

(4) प्राधिकार प्रपत्र जारी करने के लिए अनुबंध 2 में निर्धारित प्रपत्र में एक आवेदन पत्र (तीन प्रतियों में) 1 ठेके पर आगे कार्रवाई केवल तब तक की जाएगी जब कि उपर्युक्त (1) से 4 तक में सूचीबद्ध दस्तावेज आयातक द्वारा प्रस्तुत कर दिए गए हों।

संविदा को अधिसूचित करना

26. संविदा आर्थिक कार्य विभाग द्वारा आर्थिक कार्यों के सलाहकार, फ्रांसीसी दूतावास, नई दिल्ली को अधिसूचित की जाएगी, यदि यह पूर्ण है, दस्तावेज बैंक गारंटी आदि सहित सही है तो आयात लाइसेंस संविदा करने के लिए वैध है और फ्रांसीसी क्रेडिट के अधीन वित्तदान के लिए अर्हक समझा जाएगा।

27. संविदा उपर्युक्त अनुसार आर्थिक कार्य विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना के 20 दिनों के बाद लागू समझी जाएगी बशर्ते कि इस अवधि के भीतर फ्रांसीसी क्रेडिट दूतावास द्वारा कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती।

28. संभरक को भुगतान संविदा में निर्दिष्ट आवासी बैंक को या यदि आवासीय बैंक संविदा में निर्दिष्ट न किया गया हो तो बैंक फ्रेंकाहज डयू कामर्स एक्सटीरियर, पेरिस की अनुबंध 3 में सूचीबद्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर फ्रांसीसी राजकोष ऋण और बकों के क्रेडिट से, सहायता लेखा और लेखापरीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग वित्त मंत्रालय, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली द्वारा जारी किए जाने वाले "अनुदेश पत्र" के आधार पर संविदा प्रभावी होने पर किए जाएंगे।

29. फ्रांसीसी क्रेडिट के अंतर्गत जारी किए गए आयात लाइसेंस के अधीन नीचे की शर्त 31 के सिवाय भारत से किसी भी धन प्रेषण की अनुमति नहीं है।

30. ऊपर उल्लिखित अनुदेश पत्र के अनुसार भुगतान प्रभावी हो जाने के बाद धनराशि चुकाए गए दस्तावेज अर्थात अग्रिम और बाद वाले भुगतानों के वाणिज्यिक बीजक, बैंक गारंटी, यदि कोई हो, सौंदा किए गए मूल दस्तावेज आदि और बैंक खर्चों (एक प्रतिशत दस्तावेजी कारण खर्चों का 1/8 और उस पर 17.6 प्रतिशत कर) और डाक खर्च आदि के ब्यौरे आवासीय बैंक द्वारा निम्नलिखित को भेजे जाएंगे :—

(1) भारत में आयातक के उस बैंक को जिसने निजी क्षेत्र के निर्यातों के मामले में बैंक गारंटी प्रदान की है या

(2) सार्वजनिक क्षेत्र प्रक्रमों, राज्य सरकारों जिसमें राज्य विद्युत बोर्ड भी शामिल हैं और केन्द्रीय सरकार के विभागों के मामले में भारत के स्टेट बैंक की मनोनीत शाखा को या राष्ट्रीय कृत बैंकों में से किसी एक बैंक को।

31. आवासीय बैंक से बैंक प्रभारों की सूचना प्राप्त करने के सात दिनों के भीतर ही भारतीय बैंक केवल प्रभारों और डाक खर्चों की धनराशि को भारत सरकार के लिये लेखे प्रभावित किए बिना फ्रांस के सम्बद्ध बैंक को सीधे ही प्रेषण करेगा।

32. इस कार्य के लिये, उनकी गारन्टी के अंतर्गत अपेक्षित धनराशि के अलावा भारतीय बैंक द्वारा भारतीय आयातक से आवश्यक रुपये वसूल किए जाएंगे।

33. केन्द्रीय सरकार के विभागों द्वारा आयातों के मामले में केवल प्रभारों सहित बैंकिंग प्रभारों एवं डाक खर्चों के प्रेषण की व्यवस्था केन्द्रीय सरकार के विभागों के उन बैंकरों द्वारा की जाएगी जिन्हें दस्तावेज भेजे जाते हैं।

7. रुपये में भुगतान को प्रभावित करना

34. ऊपर की कंडिका 30 में उल्लिखित दस्तावेजों की प्राप्ति के अधिक से अधिक 10 दिनों के भीतर ही जिस बैंक ने गारंटी जारी की है वह या भारत के स्टेट बैंक की नामित शाखा या राष्ट्रीय कृत बैंक, बीजक में यथा संदर्भित विदेशी संभरकों को किए गए भुगतान के समतुल्य रुपये जमा करने की व्यवस्था करेगा और साथ ही संभरकों को किए गए भुगतानों पर यथा मूल्य 1 प्रतिशत की दर से कमीशन और आनुषंगिक खर्च जमा करने की व्यवस्था भी करेगा। उसके अतिरिक्त विदेशी संभरकों

के किए गए भुगतान एवं समतुल्य रुपये जमा करने की तारीख के बीच वास्तविक अवधि के लिए उपर्युक्त धनराशि (अर्थात समतुल्य रुपया और 1 प्रतिशत यथा मूल्य) पर ब्याज सार्वजनिक सूचना सं० 46आई०टी०सी० (पी०एन०) 76, दिनांक 16-6-76 के अनुसार प्रथम तीस दिनों के लिए 9% वार्षिक की दर से और इससे अधिक अवधि के लिए 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से या अन्य कोई धनराशि जो भी भारत सरकार द्वारा मांगी जाए वह भी सरकारी खाते में जमा की जाएगी। ब्याज के भुगतान से संबंधित प्रावधान केन्द्रीय सरकार के विभागों के लिए लागू नहीं होगा।

समतुल्य रुपये का आकलन सार्वजनिक सूचना सं० 108-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72 दिनांक 21-7-72 तथा 8-आई०टी०सी० (पी०एन०)/76, दिनांक 17-1-76 द्वारा यथा संशोधित वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं० 15-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 28-1-72 में दिए गए फार्मूले के आधार पर मिली-जुली दर पर किया जाएगा या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से समय-समय पर अधिसूचित सूचनाओं के आधार पर किया जा सकता है।

35. भारत के जिस सम्बद्ध बैंक ने भारत के स्टेट बैंक की नामित शाखा की या राष्ट्रीयकृत बैंक, जो भी हो, की गारन्टी दी है उसका इस बात का सुनिश्चय करने का दायित्व होगा कि आवासीय बैंक मूल दस्तावेज (ऊपर पैरा 30 में उल्लिखित) आयातक को देने से पहले देय धनराशि सरकारी लेखे में ठीक प्रकार से जमा हो गई है। आयातक को भी इस बात का सुनिश्चय कर लेना चाहिए, कि बैंकरों से दस्तावेज लेने से पहले देय धनराशि सरकारी लेखे में उचित रूप से जमा कर ली गई है।

36. जमा या तो भारत के रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या भारत के स्टेट बैंक, तीस हजारी शाखा, दिल्ली 6 में किया जा सकता है, या भारत के स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा या इसके उपसंगी से डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भारत के स्टेट बैंक की तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 (आदेशिती तथा प्राणी) के नाम में और क्रडिट के लिए उस केन्द्रीय सरकार के लेखे में जमा किया जा सकता है और सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई०टी०सी० (पीएन०)/74 दिनांक 31-5-74 में निर्धारित चालान फर्म में किया जाना चाहिए। डिमांड ड्राफ्ट राजकीय चालान (विधिवत, पूर्ण और प्रेषक द्वारा हस्ताक्षरित हो) के साथ चार प्रतियों में भारत के स्टेट बैंक, दिल्ली-6 को सीधे ही भेजना चाहिए। लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत धनराशि जमा होने है, वह है डिपोजिट्स एंड एडवांसिज (बी) डिपोजिट्स नाट बियरिंग इन्टरेस्ट 843-सिविल डिपोजिट्स फार परचेजज फ्रम एब्रोड अन्डर 550 मिलियन एफ० एफ० जनरल क्रडिट 1981-82।

37. राजकोष चालान की एक प्रति और एक प्रपत्र जिसमें यह प्रमाणित किया गया है। रुपया विधिवत भारत के रिजर्व बैंक या भारत के स्टेट बैंक, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 द्वारा प्राप्त कर लिया गया है और साथ ही साथ डिमान्ड ड्राफ्ट प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना सम्बद्ध बैंक द्वारा सहायता लेखा नियंत्रक को उनके द्वारा जारी किए गए निदेश पत्र का उल्लेख करते हुए रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जानी चाहिए। सार्वजनिक सूचना सं० 75-आई०टी० सी० (पी०एन०)/74, दिनांक 31-5-74 में निर्धारित राजकोष चालान के फर्मेट के अंतर्गत की टिप्पणी-1 के अनुसार डिमान्ड ड्राफ्ट को दर्ज करने की तारीख ही सरकार के खाते में समतुल्य रुपये जमा कराने की तारीख समझी जाएगी। आयातकों से सही अवधि के लिए ब्याज की वसूली का निश्चय करने के लिए यह आवश्यक है कि डिमान्ड ड्राफ्ट को जिस तारीख को दर्ज किया जाता है उसकी सूचना प्रत्येक मामले में निरपवाद रूप से सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेज दी जाती है।

38. आयातक के लिए आवश्यक होगा कि वह आवश्यक रुपया केवल व्यापारी के माध्यम से ही जमा करें। भारतीय-बैंक भी सार्वजनिक सूचना सं० 184-आई०टी०सी० (पी०एन०) 68 दिनांक 30-8-68 में अपेक्षित अनुसार आयात लाइसेंस की विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करेगा और आवश्यक "एस" प्रपत्र को भारत के रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजेगा।

आयातक द्वारा किए गए रुपया निक्षेपों की पुनरीक्षा:—

39. पोतलदान पूर्ण होते ही या संभरक को अन्तिम भुगतान होते ही परन्तु अन्तिम पोतलदान पारित होने के एक महीने से अधिक नहीं या संभरक को अन्तिम भुगतान होने के बाद आयातक के बैंक द्वारा अनुबंध-4 में दिए गए प्रपत्र में पंजीकृत डाक द्वारा एक विवरण सहायता लेखा और लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को आयातक की सूचना देते हुए भेजा जाएगा। आयातक के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि सम्बद्ध बैंक द्वारा अनुबंध-4 का प्रपत्र ठीक तरह से तैयार किया गया है और संबंधित अनुदेश पत्र में प्राधिकृत पोत-लदानों के पूर्ण होने के एक महीने के भीतर वह प्रपत्र सहायता लेखा और लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेजा गया है। आयातक के लेखे को बन्द करने और जहां कहीं बैंक गारंटी हो उसको रिहा करने के लिए अनुबंध-4 में विवरण आवश्यक है।

आयातक के बैंक की जानकारी में आने पर या सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक द्वारा संकेत करने पर किसी भी कम निक्षेप को तुरन्त सुधार दिया जाएगा और प्राप्त किए गए सम्बद्ध राजकोष चालान की प्रति आयातक के खाते को बन्द करने के प्रयोजनार्थ सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेज दी जाएगी।

8. विविध

40 भारतीय आयातक और फ्रेंच सभरको के बीच या भारतीय आयातक और सबद्ध भारतीय बैंक के बीच यदि किसी प्रकार का झगडा होगा तो भारत सरकार किसी प्रकार की जिम्मेदारी नही लेगी ।

41 भारतीय आयातक आयात लाइसेंस के सबध मे उठने वाले किसी एक मामले या सभी मामलो से सबधित सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए किसी भी निदेशो, अनुदेशो या आदेशो का और फ्रासीसी सरकार तथा फ्रासीसी बैंको के साथ ऋण समझौते के अधीन सभी दायित्वो को पूर्ण करने का तुरन्त पालन करेगा ।

42 इसमे निर्धारित किसी भी शर्त का किसी प्रकार का उल्लंघन करने या इसे तोड़ने पर आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 और इसके अंतर्गत जारी किए गए आदेशो के अंतर्गत उचित कार्रवाई की जाएगी ।

अनुबन्ध—1

[पैरा 25(3)]

बैंक गारन्टी बाण्ड

सेवा मे,

भारत के राष्ट्रपति,

भारत के राष्ट्रपति (जिसे आगे सरकार कहा गया है) के हेतु फ्रेंच क्रेडिट की शर्तों के अन्तर्गत (इसके बाद इसे आयातक कहा गया है) को उपर्युक्त फ्रेंच क्रेडिट के प्रति ·· रुपए के लिए जारी किए गए लाइसेंस स० ·· दिनाक ·· के अनुसरण मे आयातक द्वारा के आयात के लिए फ्रासीसी फ्रैंक मे भुगतान करने की व्यवस्था करने के लिए सहमत होते हुए हम · · · · उक्त क्रेडिट के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट रीति और उपयुक्त लेखा शीर्षक मे आवासीय फ्रांसीसी बैंक द्वारा किए गए भुगतान की धनराशि को जमा करने के लिए आयातक द्वारा प्रार्थना करने पर सार्वजनिक सूचना स० 108-आई टी सी (पी एन)/72, दिनाक 21-7-72 द्वारा संशोधित विदेश व्यापार मत्रालय की सार्वजनिक सूचना स० 15-आई टी सी (पी एन)/72, दिनाक 28-1-72 मे दिए गए फार्मूले या रिजर्व बैंक आफ इंडिया के ए० डी० परिपत्र के आधार पर या भारत सरकार की सार्वजनिक सूचनाओ द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित फार्मूले के आधार पर हिसाब लगाकर एफ एफ आई के विनिमय की मिली जुली दर पर परिवर्तित फ्रांसीसी फ्रैंक के समतुल्य भारतीय रुपए तथा उसके साथ उपर्युक्त दर से परिवर्तित 1% यथा मूल्य की दर से कमीशन तथा अन्य प्रभार और उस पर फ्रासीसी सभरको भुगतान करने की तिथि से लेकर सरकार के लेखे मे जमा कराने की तिथि तक के समय के लिए प्रथम तीन दिनो के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक दर एव इससे अधिक अवधि के लिए 15 प्रतिशत वार्षिक दर के हिसाब से भुगतान की सूचना की प्राप्ती की तिथि मे 10 दिन के भीतर जमा करने की व्यवस्था करने का एतद्द्वारा वचन देते हैं । हम रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, नई दिल्ली, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीस हजारी, शाखा दिल्ली-6 मे सरकार के खाते मे नकद निक्षेप करने की व्यवस्था करेंगे और सभव यह नही हो सकने की स्थिति मे स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 (केन्द्रीय सरकार के लेखे मे क्रेडिट के लिए) के नाम मे और इसकी देय दर्शनी हुण्डी के माध्यम से व्यवस्था करेंगे । दर्शनी हुण्डी राजकोष चालान (विधिवत् भरे हुए और प्रेषणकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित) के साथ चार प्रतियो मे स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 को सीधे भेजी जाएगी ।

2 हम बैंक, इस बात की भी जिम्मेदारी लेते हैं कि आयात दस्तावेजो के परक्राम्य सेट और/या संभरक के लिए भुगतानो से सबद्ध अन्य दस्तावेजो की रिहाई आयातक को केवल तभी की जाएगी जब कि उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जा चुका हो ।

3. हम · · बैंक, किसी बकाया धनराशि की जो आयातक द्वारा सरकार को ऐसे स्थान पर और ऐसी रीति से चुकानी हो जैसा कि सरकार निदेश दे तो ऐसी बकाया धनराशि जो · · रुपए से अधिक नही हो या उसका कोई भाग और उस धनराशि के साथ, फ्रेंच सभरको को भुगतान की तिथि से आयातक द्वारा जितने समय तक यह देय रहे उस पर प्रथम 30 दिनो के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक दर से और इससे अधिक अवधि के लिए 15 प्रतिशत वार्षिक हिसाब से ब्याज तथा कमीशन और यथा मूल्य 1 प्रतिशत की दर से अन्य प्रभारो का आयातक द्वारा भुगतान न करने की त्रुटि पाई जाने पर हम क्षतिपूर्ति करने का और सरकार को क्षतिपूर्ति के दायित्व से मुक्त रखने का वचन देते है । आयातक द्वारा उक्त भुगतान करने की त्रुटि पर या उसकी तरफ से हमारे · · बैंक द्वारा देय धनराशि के सम्बन्ध मे त्रुटि होने पर हमारे · · · · · बैंक के लिए सरकार का निर्णय अन्तिम और अनिवार्य होगा ।

4. हम · · बैंक, यह भी वचन देते है कि हम भारत सरकार के लेखे को प्रभावी किए बिना ही सम्बद्ध बैंक को अदा किए जाने वाले तार खर्चे सहित बैंक तथा डाक प्रभारो को प्रेषित कर देगे ।

5 हम · बैंक, आगे इस बात पर सहमत है कि मुद्रा विनिमय की अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक निधि समानता दर से या अन्यथा परिवर्तन के परिणामस्वरूप, आयातो के मूल्य मे वृद्धि या सविदा के अन्तर्गत माल की शेष सुपुर्दगी के मूल्य मे वृद्धि की धनराशि का समायोजन इस गारटी बाण्ड मे उसी तिथि से और उसी अनुपात मे कर दिया जाएगा जब से यह परिवर्तन लागू होगा ।

6. हम · · बैंक, आगे इससे भी सहमत है कि यह गारन्टी साज-सामान की सुपुर्दगी के विषय मे उक्त करार/संविदा के निष्पादन के समय तक और जब तक इस गारटी के अधीन या इसकी वजह से सारी बकाया धनराशि पूर्णतया नही चुका दी जाएगी और हमे इसके दावों की संतुष्टि या अदायगी नहीं कर दी जाएगी तब तक पूर्ण रूपेण लागू और प्रभावी रहेगी ।

7. इस गारंटी बाण्ड मे निहित जिम्मेदारी आयातक या . . . बैंक के सघटन मे कोई परिवर्तन हो जाने पर प्रभावित नही होगी, और इस गारंटी मे प्राप्त जिस धनराशि का भुगतान आयातक से कराना है उसको चुकाने के लिए बाध्य करने के लिए सरकार की गारंटी को रद्द किए बिना अपने द्वारा प्रयोग करने योग्य किसी भी अधिकार को किसी समय के लिए या समय-समय पर आयातक के लिए विरुद्ध प्रयोग करने की पूर्ण स्वतत्रता होगी और पूर्वोक्त मामले के सन्दर्भ मे या आयातक को दिए जाने वाले समय के कारण या आयातक को सरकार द्वारा उसकी तरफ से किसी अनुग्रह के कारण कोई अन्य स्थगन कार्य छूट या जिम्मेदारियो से सबधित कानून के अन्तर्गत किसी अन्य मामले मे या किसी भी बात मे सरकार के अधिकार की स्वतत्रता के कारण बैंक इस गारंटी के अधीन अपने उत्तरदायित्व से मुक्त नही हो जाएगा।

8 हम बैंक, अन्त मे यह वचन देते है कि सरकार को लिखित रूप मे पूर्व अनुमति के बिना इस गारंटी को इसकी चालू अवधि के दौरान रद्द नही करेंगे।

9 इस गारंटी के अन्तर्गत हमारा दायित्व रुपए (इस पर ब्याज व प्रभार के साथ दी गई गारंटी की धनराशि के 1 प्रतिशत की दर से अधिक होने की आशा नही है, तक प्रतिबंधित है) और यह गारंटी दिन* मास 19 तक लागू रहेगी।

10 जब तक इस गारंटी के अतर्गत उक्त तिथि के डेढ़ वर्ष के भीतर लिखित रूप मे दावे नही किए जाते और इसके बाद जैसी तक अगले डेढ़ वर्ष के भीतर जब तक इन दावो को क्रियान्वित करने के लिए कोई मुकदमा नही चलाया जाता या कोई कार्रवाई नही की जाती तो इस गारंटी के अतर्गत सरकार के सभी अधिकार समाप्त हो जाएगे और हम उनमे निहित सारे दायित्वो से छुटकारा पा जाएंगे और मुक्त हो जाएगे।

श्री दिन व तारीख

(नाम और ओहदा) कृते

के द्वारा भारत के
राष्ट्रपति के लिए
उनकी ओर से स्वीकृति।

हस्ताक्षर

*यह तिथि जिस तिथि को सभरको के लिए सभी प्रकार के भुगतान पूर्ण होने की सभावना है, उसमे एक मास जोडते हुए निश्चित की जाएगी।

टिप्पणी —1 उपर्युक्त कडिका 3 और 9 के अनुसार बैंक गारंटी का मूल्य सविदा के मूल्य के लिए आयात लाइसेंस के जारी करने की तारीख को प्रचलित सीमा-शुल्क विनिमय दर मे 1 प्रतिशत जोडकर ही निकाला जाना चाहिए।

2 वह स्टाम्प पेपर, जिसमे यह गारंटी कार्यान्वित होने वाली है, उसे स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अनुसार कलक्टर द्वारा निर्मित किया जाना है।

अनुबन्ध—2

(तीन प्रतियो मे)

[पैरा 25 (4)]

आवेदन पत्र जारी करने के लिये प्रार्थना पत्र

स० दिनाक

सेवा मे,

सचिव वित्त मत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग ई०ई०सी०-1
नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली-1

विषय —फ्रान्स ऋण 1981-82 के अन्तर्गत आयात।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित क्रेडिट के अन्तर्गत फ्रान्स से . . .
(माल तथा सेवाओ का सक्षिप्त वितरण)
. का आयात करने के सबध मे हम निम्नलिखित ब्यौरा देते है और एतद्द्वारा एफ०एफ० . . . (लागत तथा भाडा/लागत-बीमा-भाडा) के लिये अनुदेश पत्र जारी करने के लिये आवेदन करते है —

(क) आयातक का नाम और पता

(ख) आयात लाइसेंस

(1) सख्या

(2) दिनांक

(3) धनराशि

(ग) फ्रेंच सभरक का नाम और पता

(घ) सविदा का दिनाक
अथवा

आदेशो की स्वीकृति के संभरकों के अन्तिम पत्र दिनांक

(गैर-फ्रान्सीसी मूल के माल की प्रतिशतता, यदि कोई हो (अब फ्रान्स में निर्मित किया गया हो)

(च) संविदा का मूल्य फ्रांसीसी फ्रेन्कों में पोत पर्यन्त नि शुल्क कीमत (घटा) भारतीय एजेन्ट का कमीशन यदि कोई हो कुल जहाज पर्यन्त नि.शुल्क मूल्य-भाडा जमा लागत तथा भाडा कीमत जमा बीमा यदि फ्रेंच फ्रेक्स मे चुकाया गया हो ण के अन्तर्गत वित्त दान की जाने वाली

कुल कीमत जिसके लिये अनुदेश पत्र के लिये आवेदन किया है (जहाज पर निःशुल्क/लागत-बीमा भाड़ा/लागत बीमा भाडा)

(छ) (1) पोतलदान की तिथिया या वे तिथिया जिनको सेवा कार्य पूर्ण किये जायेंगे।
(2) संविदा में यथा निर्धारित प्रत्येक पोतलदान या पूर्ण किय गये सेवा कार्य का मूल्य।

(ज) उस फ्रांसीसी आवासीय बैंक का नाम जिसके माध्यम से संभरक को भुगतान किया जाना है (अनुबन्ध-5 में सूचीबद्ध II फ्रांसीसी बैंकों में से एक बैंक)।

(1) वह तिथियां जिनको संविदा के अधीन भुगतान देय होंगे

(i) अग्रिम भुगतान के संबंध में (जहाज पर निःशुल्क मूल्य का कम से कम 5 पौंड)

(ii) अन्य भुगतान

2. संविदा की (अथवा प्रत्येक आदेश तथा स्वीकृति पत्र की) और संशोधन (यदि कोई हो) की 10 साक्षांकित प्रतियां और आयात लाइसेंस की दो फोटोस्टेट प्रतियां संलग्न की जाती है।

*3. एक बैंक गारंटी जो ... केवल निजी क्षेत्र के आयातकों के लिये लागू है।

(विदेशी मुद्रा देने के लिये प्राधिकृत भारतीय निर्धारित बैंक का नाम और पता) द्वारा स्थापित की गई है और जो स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प कलक्टर द्वारा न्याय निर्णित की गई है वह भी संलग्न है।

*3. आयात प्रलेख (स्टेट बैंक आफ इंडिया) की शाखा या राष्ट्रीयकृत बैंकों मे से सहायक बैंक का पूरा नाम तथा पता सार्वजनिक क्षेत्र प्रक्रमों राज्य और राज्य सरकारों के लिये लागू है।

3(क) भारत मे उस बैंक का नाम और पता जिसे आवासीय फ्रांसीसी बैंक द्वारा आयात दस्तावेज अग्रेषित किये जाने हैं।

टिप्पणी :—सार्वजनिक क्षेत्रों के संबंध मे (सरकारी विभागों सहित) यह बैंक स्टेट बैंक आफ इंडिया या उसकी सहायक या राष्ट्रीयकृत बैंकों की एक शाखा होनी चाहिये।

3(ख) (केवल निजी क्षेत्र के लिये) उपर्युक्त 3(क) पर उल्लिखित बैंक द्वारा भेजी जाने वाली गारन्टी के ब्यौरे :—

(क) दिनांक

(ख) रुपये मे मूल्य

(ग) जिस तक वैध है।

4. एतद्द्वारा इस बात पर सहमति है कि फ्रांसीसी संभरक को किये गये प्रत्येक भुगतान के लिये लाइसेंस शर्तों में यथा निर्धारित रुपया निक्षेप उपर्युक्त कंडिका 3 मे उल्लिखित बैंक के माध्यम से सरकार के लेखों मे किये जायेंगे। इस बात पर सहमति हो गई है कि आयात दस्तावेज [संभरकों के लिये अग्रिम भुगतान के लिये बीजक (मूल (परक्राम्य) लदान दस्तावेज, बैंक/निष्पादन गारन्टी जो संभरकों आदि द्वारा भेजी गई है] उक्त बैंकर्स द्वारा हमें तभी रिहा किये जायेंगे जबकि उपर्युक्त उल्लिखित देय धनराशि सरकार के लेखे मे जमा करा दी जाती है। हम उपर्युक्त कंडिका 3 में उल्लिखित बैंक के माध्यम से उस बैंक को आवासीय फ्रांसीसी बैंक के प्रभारों (कमीशन डाक, तार खर्चों आदि) को भी प्रेषित करने के लिये सहमत है।

*(जो लागू नहीं है उसे हटा दीजिये)।

5. आप से अनुरोध है कि फ्रेंच क्रेडिट के अन्तर्गत वित्तदान करने के लिये संविदा अनुमोदित करा लें और संभरकों को सीधे भुगतान की व्यवस्था करने के लिये फ्रेंच प्राधिकारियों को आवश्यक प्राधिकरण पत्र जारी करें।

भवदीय,

लाइसेंसधारी

अनुबन्ध 3

(पैरा 28)

दस्तावेजों की निदर्शी सूची

पैरा (28)

1. पोतलदान किए गए उपस्कर के मूल्य तथा किसी भी तत्क्षण भुगतान के ब्यौरे, जैसा भी मामला हो, के लिए वाणिज्यिक बीजक।

2. जहां लागू हो पैकिंग सूचियों सहित मार्ग बेबाक बिलों या चार्टर पार्टी पोतलदान बिलों का वायुमार्ग बिलों जैसा भी मामला हो, का पूरा सैट, यदि कोई प्रमाण-पत्र संविदा में निर्धारित किया गया हो तो वह।

3. आवश्यक सीमा-शुल्क दस्तावेजों सहित संभरकों द्वारा लिखित प्रमाण-पत्र यह प्रमाणित करते हुए कि फ्रांस सरकार द्वारा प्राधिकृत विदेशी व्यय की प्रतिशतता का फ्रांस संभरकों ने अनुपालन किया है।

4. अन्य कोई दस्तावेज।

अनुबन्ध 4

(कंडिका 29)

फ्रेंच क्रेडिट के अन्तर्गत वित्तदान के लिए आयातों के सम्बन्ध में संभरकों को पूर्ण कर दिए गए लदानों, भुगतानों के बाद 1 माम के पश्चात लिखित रूप से भेजा जाने वाला विवरण/आवेदन-पत्र ।

1. आयातक का नाम
2. आयात पावती की सं०.
3. बैंक गारन्टी (1) सं०
 (2) दिनांक
 (3) धनराशि रुपए

(केवल निजी क्षेत्र के आयातक के मामले में)

4. वित्त मंत्रालय के अनुदेश पत्र की सं० और दिनांक :
5. अनुदेश पत्र का मूल्य एफ एफ
6. संभरक को किया गया भुगतान
7. अनुदेश पत्र अप्रयुक्त मूल्य अर्थात् 6 से 7 तक, एतद् द्वारा प्रमाणित वह धनराशि जो समाप्त हो जानी है ।
8. आवासीय फ्रांसीसी बैंक द्वारा दावा की गई वह धनराशि अर्थात् बैंक प्रभार, डाक एवं तार प्रभार जो बैंक द्वारा सीधे प्रेषित कर दी गई है :—
 (1) प्रेषण की तिथि
 (2) प्रेषित धनराशि
9. संभरकों को किए गए भुगतान और तदनुरूपी रुपया निक्षेपों के ब्यौरे :—

संभरक को भुगतान दिनांक.... धनराशि एफ एफ में	तदनुरूपी रुपया निक्षेप स्टेट बैंक आफ इंडिया/रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के राजकोष चालान का दिनांक	धनराशि रुपए में
(1)		
(2)		
(3)		
कुल		

अल्प निक्षेपों से संबंधित और अतिरिक्त निक्षेप

हम यह प्रमाणित करते हैं कि उपर्युक्त भेजी गई सूचना हमारे रिकार्ड के अनुसार सही है । हम एतद द्वारा इस अनुदेश पत्र से संबद्ध मामले की शर्त के लिए भी अनुरोध करते हैं । उपर्युक्त संदर्भित बैंक गारन्टी को रद्द किया जाए और हमें लौटाया जाए ।

प्राधिकृत हस्ताक्षर

अनुबन्ध 5

आवासीय बैंकों की सूची

1. बैंक फेन्काइज डयू कामर्स एक्सटीरियर
 21, बिल्डिंग होसमन्न
 75009 पेरिस
2. बैंक नेशनल डि पेरिस
 16, बिल्डिंग डेस इटा लीन्स
 75009
3. सोसायटी जनरली
 29, बिल्डिंग होसमन्न
 75009 पेरिस
4. क्रेडिट लियोनिस
 19, बिल्डिंग डेस इटालीन्स
 75002, पेरिस
5. क्रेडिट इन्डस्ट्रियल एट कामर्सियल
 66, रयू डी ला विक्टोरी, 75009
6. बैंक डी. ल,' यूनियन यूरोपीन्यू, 4/6 रयू गैसन,
 75002 पेरिस
7. क्रेडिट कामर्सियल डी फ्रान्स,
 103 आवे डेस चैम्पस इलाइसीज,
 75008 पेरिस
8. बैंक इन्डोस्यूएस,
 44, रयू डी कोर्सेलीज
 75008 पेरिस
9. बैंक लुइस ड्रेपस, 6 रयू रखेलाइस
 75008 पेरिस
10. बैंक पारिबास, 3, रयू डी' एन्टिन
 75002 पेरिस
11. क्रेडिट डयू नोर्ड, 57/59 बिल्डिंग होसमन्न,
 75008 पेरिस

MINISTRY OF COMMERCE

IMPORT TRADE CONTROL

PUBLIC NOTICE NO. 36-ITC(PN)|83

New Delhi, the 30th August, 1983

Sub:—Licensing conditions of Indo-French General Protocol 1981-82 (French Credit 1981-82)

F. No. IPC|23(8)|83.—The terms and conditions regarding licensing conditions of Indo-French General Protocol 1981-82 as given in the Appendix to this Public Notice, are notified for information.

P. C. JAIN, Chief Controller
Imports & Exports

APPENDIX TO MINISTRY OF COMMERCE PUBLIC NOTICE NO 36—ITC(PN)|83 DATED 30TH AUGUST, 1983.

I. Import Licence

This import licence will be issued on CIF basis, with initial validity period of four months for contractng and twelve months for completing shipments. However, in the case of capital goods imports, the initial validity of the licence for competing shipments will be twenty four months from the date of issue.

2. The rupee value of the import licence shall be determined with reference to the exchange rate notified by the Department of Revenue (Customs) and prevailing on the date of issue of the import licence and indicated in the body of the import licence(s) as per para 2 of the Public Notice No. 78-ITC(PN)|74 dated the 6th June, 1974, issued by the CCI&E, which also enjoins that the Customs Authorities and the authorised dealers in foreign exchange will make debits to the value of the licence(s) at the exchange rate specified on the import licence(s).

3. Each import licence will bear a supersription, "French Credit—Project Portion" or "French Credit Non-Project Portion" as the case may be. The two suffixes in the licence code classification number will be—for project—"S|FE" and for non-project "S|FN".

4. Within a fortnight of the receipt of the import licence, the importer should intimate to the Department of Economic Affairs (EEC.I Section) the fact of receipt of the import licence indicating the number, date and value of the import licence and likely date by which the contract document would be furnished.

5. The condition regarding contracting will not be deemed to have been complied with unless complete contract documents, as provided in para 25 below, are furnished within the stipulated period of four months.

6. Where this stipulation is not complied with within four months, the import licence will be deemed to have become invalid. The import licence may, however, be revalidated on an application by the party, alongwith the licence in original, to the licensing authority giving reasons for not complying with the requirements in time.

7. Such request for revalidation would be considered on merit by the licensing authorities who may grant extension upto a further maximum period of 4 months. If, however, extension, is sought beyond 8 months from the date of issue of the import licence, such proposals will inveriably be referred by the licensing authorities to the Department of Economic Affairs (EEC.I Section), Ministry of Finance, North Block, New Delhi.

II. CONTRACTING

